प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,

आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 22.04.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. सिविल सेवा परीक्षा 2024 में प्रदेश के होनहारों का शानदार प्रदर्शन : प्रयागराज की शक्ति दुबे ने हासिल किया पहला स्थान, सहारनपुर की कोमल पुनिया को छठा और कन्नौज के मयंक त्रिपाठी को मिला दसवां स्थान।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 24 अप्रैल को प्रस्तावित कानपुर दौरे को लेकर तैयारियां तेज : मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये दिये जरूरी दिशा निर्देश।
3. पर्यावरण संरक्षण के लिए आज प्रदेश भर में मनाया जा रहा है पृथ्वी दिवस : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धरती को हरा भरा और स्वच्छ रखने के लिए संकल्पित होने की अपील की। और
4. आईपीएल क्रिकेट में आज लखनऊ के इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स और डेल्ही कैपिटल्स के बीच खेला जा रहा ह मैच।

————————

संघ लोक सेवा आयोग, ने सिविल सेवा परीक्षा 2024 के अंतिम परिणाम घोषित कर दिए हैं। प्रयागराज की शक्ति दुबे ने सिविल सेवा परीक्षा, 2024 में पहला स्थान हासिल

किया है, जबकि सहारनपुर की कोमल पुनिया ने छठवां और कन्नौज के रहने वाले मयंक त्रिपाठी ने दसवां स्थान प्राप्त किया है। शक्ति दुबे के पिता देवेन्द्र दुबे और उनकी मां ने आकाशवाणी से बातचीत में कहा कि उन्हें बेटी की कामयाबी पर गर्व है। बाइट.....

*देखिये मैं बहुत खुश हूँ। मेरी बेटी कक्षा एक से लेकर के बारह तक एसएमसी घूरपुर ऐसी शिक्षा ग्रहण की। इसके बाद इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से बी.एस.सी. टॉप की और गोल्ड मेडलिस्ट है और इसके बाद एम.एस.सी. बीएचयू से की। वहाँ भी गोल्ड मेडलिस्ट थी। इसके बाद लगन से पढ़ाई कर रही थी और करने का प्रतिफल है और मेहनत करके यहाँ तक आज पहुँची है। बहुत अच्छा लगा है। वो बहुत ध्यान से करती थी पढ़ाई के किसी चीज़ से मतलब नहीं है कहीं कुछ भी कोई बोलते तो उनको मतलब नहीं रहता था।*

वहीं मिर्जापुर में तैनात एसडीएम सौम्या मिश्रा ने 18वां स्थान प्राप्त किया ह। जौनपुर के अभिषेक सिंह ने 78वीं रैंक पायी है। हापुड़ के विवेक गर्ग ने 114वीं और कुशीनगर के आकाश राय ने 339वीं रैंक हासिल की है। पीलीभीत के यथार्थ दीक्षित ने 411वां स्थान पाया है। आयोग ने नियुक्ति के लिए कुल एक हजार नौ उम्मीदवारों की सिफारिश की है, जिनमें 725 पुरुष और 284 महिलाएँ हैं।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कानपुर में 24 अप्रैल को प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के

जरिये आज तैयारियों के बारे में जानकारी ली। वीडियो कांफ्रेसिंग में कानपुर के मंडलायुक्त के. विजयेंन्द्र पाण्डियन और जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में अवगत कराया। मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशो का जमीनीस्तर पर पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

————————

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज लखनऊ के भाजपा प्रदेश मुख्यालय में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान की क्षेत्रीय कार्यशाला का उदघाटन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने देश के मुसलमानों की भलाई के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। बाइट.....

*तो इस देश के इतिहास में संसद के द्वारा लिए गए ऐतिहासिक फैसलों में से एक है। देश के नब्बे प्रतिशत मुसलमानों की भलाई के लिए है जो मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करते थे वह भी सबका साथ सबका विकास की राजनीति करे रास्ता दिखाने वाला यह बिल है।*

————————

एक राष्ट्र एक चुनाव पर आज संयुक्त संसदीय समिति की बैठक संसद भवन में हुई। 39 सदस्यीय समिति में लोकसभा के 27 सदस्य और राज्यसभा के 12 सदस्य शामिल हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा है

कि एक देश एक चुनाव पूरे देश की आवश्यकता है। बाइट..

...

*हम सबकी देश की आवश्यकता है। एक देश एक चुनाव और आजादी के समय से बावन सत्तावन बासठ सरसठ में एक देश एक चुनाव के तहत चुनाव हुए भी थे। लेकिन बाद में किन्हीं कारणों से अलग अलग चुनाव हो रहे हैं। उसके कारण आचार संहिता लगने के कारण समय बहुत बर्बाद होता है। बीच बीच में अलग अलग मतदाता सूची है। उनके पुनरीक्षण का काम चलता है। भारत ऐसा देश है जहां प्रतिवर्ष कोई न कोई चुनाव के कारण आचार संहिता लगती है तो बहुत अच्छी पहल है और मैं इस पहल का स्वागत करता हूं।*

————————

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी आज महराजगंज में भारतीय जनता पार्टी द्वारा वन नेशन, वन इलेक्शन विषय पर आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत जैसे विशाल और विविधताओं से भरे देश में बार–बार चुनाव कराना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है।

————————

प्रदेश सरकार ने कल 33 आईएएस अधिकारियों के स्थानांतरण का आदेश जारी किया। इसमें दो प्रमुख सचिवों के अलावा कई जिलों के जिलाधिकारी बदल दिये गये। पेश है एक रिपोर्ट.....

*वाराणसी के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा को सचिव मुख्यमंत्री बनाया गया है। वाराणसी के जिलाधिकारी एस. राजलिंगम को वाराणसी का ही मण्डलायुक्त बना दिया गया है, जबकि मुख्यमंत्री के विशेष सचिव को*

*वाराणसी के जिलाधिकारी की जिम्मेदारी दी गयी है। अम्बेडकरनगर जिले के जिलाधिकारी अविनाश सिंह अब बरेली के जिलाधिकारी होंगे। बरेली के जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार को आजमगढ़ का जिलाधिकारी बनाया गया है। भदोही के जिलाधिकारी विशाल सिंह को सूचना विभाग का निदेशक बनाया गया है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेंद्र शर्मा।*

————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

——————————

**केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने आज मेरठ के मेरठ कॉलेज में वार्षिक पारितोषिक वितरण और सम्मान समाराह में बतौर मुख्य अतिथि विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कहा कि शिक्षा और चिकित्सा समान होनी चाहिए भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई शिक्षा नीति के जरिए बड़े बदलाव किए है, जिससे अब शिक्षा गुणवत्तायुक्त बनाई गई है। बाइट.....**

*मोदी जी ने न्यू एजुकेशन पॉलिसी में उन तमाम खामियों को पूरा करने का प्रयास किया है कि शिक्षा गुणवत्तापूर्वक हो और रोजगार पूर्वक हो और व्यक्तित्व निर्माण में उसका योगदान है।*

————————

प्रदेश सरकार जल्द ही इलेक्ट्रिक बसों से धार्मिक शहरों की यात्रा कराएगी। धर्मनगरी काशी, तीर्थराज प्रयागराज, रामलला की जन्मस्थली अयोध्या और सोनभद्र का सफर इलेक्ट्रिक एसी बसों से होगा। इसे देखते हुए सरकार वाराणसी और सोनभद्र में चार्जिंग स्टेशन बनवा रही है। सरकार के इस पहल से सुगम यात्रा के साथ ही पर्यावरण को भी प्रदूषण से बचाया जा सकेगा। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक परशुराम पांडेय ने बताया कि प्रयागराज रीजन और अयोध्या रीजन से वाराणसी और सोनभद्र के लिए इलेक्ट्रिक बसों का संचालन प्रस्तावित है। इसके लिए पांच चार्जिंग स्टेशन बनाये जा रहे है।

————————

विश्व में पर्यावरण संरक्षण प्रयासों में समर्थन के लिए आज प्रदेश भर में पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है। पेश है एक रिपोर्ट......

*पृथ्वी दिवस के मौके पर अलीगढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम में लगभग 30 स्कूलों के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया और पृथ्वी, पेड़ पौधों और पर्यावरण को बचाने के लिए मॉडल और संदेश तैयार किए। शाहजहाँपुर में पर्यावरण संबंधी निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गई। पृथ्वी दिवस का*

*उद्देश्य पर्यावरण संबंधी मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और धरती की रक्षा के लिए कार्रवाई को प्रेरित करना है। वर्ष 1969 में यूनेस्को शिखर सम्मेलन में सुझाव के बाद पहली बार 1970 में पृथ्वी दिवस मनाया गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व पृथ्वी दिवस को लेकर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने लोगों से धरती को हरा भरा एवं स्वच्छ रखने के लिए संकल्पित होने की अपील भी की है। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

————————

भारी बारिश और तूफान जनित जलजमाव की स्थिति से निपटने के लिए प्रदेश के 10 प्रमुख शहरों में विस्तृत ड्रेनेज एक्शनप्लान के निर्माण की तयारी शुरू कर दी गई है। लखनऊ, कानपुर, बरेली, शाहजहांपुर, वाराणसी, प्रयागराज, मुरादाबाद, झांसी, गाजियाबाद और मेरठ में इस एक्शन प्लान के निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू होने वाली है तथा प्रदेश के अन्य शहरों में भी इस प्रक्रिया को जल्द पूरा करने की तैयारी है।

————————

कैलाश मानसरोवर यात्रा कोविड के चार वर्षों बाद तीस जून से फिर शुरू होने जा रही है। यह यात्रा उत्तराखण्ड सरकार और विदेश मंत्रालय के संयुक्त निरीक्षण में आयोजित होगी।

————————

आईपीएल में आज लखनऊ के इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स और डेल्ही कैपिटल्स के बीच

मुकाबला खेला जा रहा है। डेल्ही कैपिटल्स ने टास जीत कर पहले बॉलिंग करने का फैसला किया है।

————————

मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी भागों में आज और कल के लिए हीटवेव का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक आज से पांच दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होने का अनुमान है। इस बीच, हीटवेव को देखते हुए वाराणसी और चंदौली में आठवीं तक के विद्यालयों का समय परिवर्तित कर दिया गया है।

(समाप्त)